आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 04.07.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय से पर्वतीय राज्यों के लिए अलग 'विमानन नीति' बनाने का अनुरोध किया।
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री से केदारनाथ धाम सहित राज्य के विभिन्न आपदा संभावित क्षेत्रों में अतिवृष्टि की स्थिति की जानकारी ली।
- कैलाश मानसरोवर यात्रा का 50 सदस्यीय दल चम्पावत जिले के टनकपुर पहुंचा।
- वन महोत्सव के अवसर पर पौड़ी जिले की वन पंचायत कमेड़ा में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

**नागर विमानन सम्मेलन**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय से पर्वतीय राज्यों के लिए एक अलग 'पर्वतीय विमानन नीति' बनाए जाने का अनुरोध किया है। आज देहरादून में आयोजित नागर विमानन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नीति में विशेष वित्तीय सहायता, संचालन के लिए सब्सिडी और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अनुकूल नियम शामिल किए जाने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेली सेवाएं, उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने सभी ऑपरेटरों से भी पर्वतीय उड़ानों के लिए विशेष पायलट प्रशिक्षण, सुरक्षा मानकों का कठोर पालन और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया।

इस अवसर पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नागरिक उड्डयन, सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला क्षेत्र बना है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में भारत तीसरा सबसे बड़ा घरेलू नागरिक उड्डयन नेटवर्क बना है।

नागरिक विमानन सम्मेलन में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों के नागर विमानन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**केंद्रीय गृह मंत्री जानकारी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने फोन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से केदारनाथ धाम सहित राज्य के विभिन्न आपदा संभावित क्षेत्रों में हो रही अतिवृष्टि की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने चारधाम यात्रा की सुचारुता सुनिश्चित करने के लिए एनडीआरएफ और आईटीबीपी को तत्परता से तैनात करने का आश्वासन दिया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही राज्य के अन्य संवेदनशील जिलों में भी लगातार निगरानी रखते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस संवेदनशील और सक्रिय सहयोग के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री का आभार व्यक्त किया।

**मौसम/भूस्खलन**

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश और भूस्खलन के कारण चारधाम यात्रा मार्ग सहित अन्य मार्ग बाधित हैं। प्रशासन सभी मार्गों को सुचारू करने के लिए तेजी से काम कर रहा है। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच केदारनाथ मार्ग पर तीन अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की है। इन स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और भारी मशीनरी, मेडिकल स्टाफ और राहत सामग्री सहित सभी आवश्यक उपकरण व कार्मिक तैनात हैं। इसके अलावा सोनप्रयाग, मुनकटिया और काकरागाढ़ सहित अन्य 17 संवेदनशील स्थलों पर भी तैनात मशीनरी मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में तत्काल सुचारू कर रही हैं। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को लेकर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर तैनात की गई हैं। जिला प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए सावधानीपूर्वक यात्रा करने और प्रशासन द्वारा जारी चेतावनियों एवं दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है। वहीं, उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राजमार्ग पापड़ गाड़ के पास और यमुनोत्री राजमार्ग  बनास के पास भू–धसाव से क्षतिग्रस्त है। प्रशासन इन मार्गों के सुधार कार्य में जुटा है।

इस बीच, मौसम विभाग ने आज बागेश्वर जिले में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और प्रदेश के अन्य जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**टनकपुर पहुंचा यात्रा दल**

पांच साल बाद फिर से शुरू हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा का 50 सदस्यीय दल आज चम्पावत जिले के टनकपुर पहुंचा। इस अवसर पर दल में शामिल लोगों का उत्तराखंड के पारंपरिक रीति–रिवाज से स्वागत किया गया। कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के पांच दलों में से आज पहला दल टनकपुर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों को इस बार कुमाऊं मंडल के सभी धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल दल को यात्रा के लिए रवाना करेंगे।

**वन महोत्सव पौड़ी**

वन महोत्सव के अवसर पर सिविल सोयम वन प्रभाग पौड़ी की ओर से वन पंचायत कमेड़ा में फलदार, छायादार और चारा–पत्ती वाले विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी पवन नेगी ने कहा कि वन विभाग हर साल एक से सात जुलाई तक वन महोत्सव मनाता है। उन्होंने कहा कि कमेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों के साथ ही स्थानीय ग्रामीण महिलाओं की भी सक्रिय सहभागिता रही।

कमेड़ा वन पंचायत की सरपंच सावित्री देवी ने कहा कि वन विभाग द्वारा वन पंचायत में समय–समय पर कई कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

**मतदान प्रशिक्षण बागे□वर**

बागेश्वर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बद्रीदत्त पांडे पीजी कॉलेज में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दो पालियों में मतदान की प्रक्रिया का सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आज 589 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षिण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों ने मतदान दलों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने सभी मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और पीठासीन अधिकारियों को निर्देश पुस्तिका का भलीभांति अध्ययन करने को कहा।